सामाजिक विज्ञान

कक्षा 8

(भूगोल)

अध्याय 4: उद्योग



To get notes visit our website

mukutclasses.in

अभ्यास के प्रश्न

प्रश्न 1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए

(i) 'उद्योग' शब्द का क्या तात्पर्य है?
उत्तर: उद्योग का संबंध उन आर्थिक गतिविधियों से है जो कि वस्तुओं के उत्पादन, खनिजों के निष्कर्षण अथवा सेवाओं की व्यवस्था से संबंधित है।

(ii) वे कौन-से मुख्य तथ्य हैं जो उद्योग की अवस्थिति को प्रभावित करते हैं?
उत्तर- (i) कच्चा माल (ii) ऊर्जा, (iii) अनुकूल जलवायु, (iv) भूमि, (v) पूंजी, (vi) परिवहन, (vii) बाजार (viii) श्रम।

(iii) कौन-सा उद्योग प्रायः आधुनिक उद्योग का मेरुदंड कहा जाता है और क्यों ?
उत्तर- इस्पात उद्योग को आधुनिक उद्योग का मेरुदंड कहा जाता है क्योंकि सारी वस्तुएं जिनका हम लोग उपयोग करते हैं वे या तो लोहा या इस्पात से बनी हैं अथवा इन धातुओं से निर्मित औजारों और मशीनों से बनी हैं।

प्रश्न 2. अंतर स्पष्ट कीजिए-

(i) कृषि आधारित और खनिज आधारित उद्योग
उत्तर:

कृषि आधारित	खनिज आधारित उद्योग
1. इन उद्योगों में कृषि उत्पादों को कच्चे माल के रूप में प्रयोग किया जाता है। 2. उदाहरण: सूती वस्त्र उद्योग और चीनी उद्योग।	1. इन उद्योगों में खनिज पदार्थों को कच्चे माल के रूप में प्रयोग किया जाता है। 2. उदाहरण: सीमेंट उद्योग और लौहा-इस्पात उद्योग।

(ii) सार्वजनिक क्षेत्र और संयुक्त क्षेत्र के उद्योग
उत्तर:

सार्वजनिक क्षेत्र	संयुक्त क्षेत्र के उद्योग
इन उद्योगों का स्वामित्व और संचालन सरकार द्वारा होता है। जैसे:- रेलवे, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया।	इन उद्योगों का स्वामित्व और संचालन सरकार और लोगों द्वारा होता है। जैसे:- मारूति उद्योग।

प्रश्न 3. दिए गए स्थानों में निम्नलिखित के दो-दो उदाहरण दीजिए-
(i) कच्चा माल: _____________ और _______________
(ii) अंतिम उत्पाद: _____________ और _______________
(iii) तृतीयक क्रियाकलाप : _____________ और _______________
(iv) कृषि आधारित उद्योग : _____________ और _______________
(v) कुटीर उद्योग: _____________ और _______________
(vi) सहकारिता : _____________ और _______________
उत्तर:
(i) कच्चा माल: बाक्साइट और कोयला
(ii) अंतिम उत्पाद: गाड़ी और कपड़े
(iii) तृतीयक क्रियाकलाप : बैंकिंग और परिवहन
(iv) कृषि आधारित उद्योग : सूती वस्त्र उद्योग और चीनी उद्योग
(v) कुटीर उद्योग: मिट्टी के बर्तन बनाना और बांस की टोकरी बनाना
(vi) सहकारिता : अमूल डेयरी और सुधा डेयरी।

MUKUT classes